लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (राजस्व)
(जिला कलक्टर),बांसवाड़ा (राज.)

पीठासीन अधिकारी – प्रकाश चन्द्र शर्मा, IAS.

प्रकरण संख्या : 07/ 2023
GCMS NO. : 2023/54

प्रार्थी/अपीलार्थी :–

श्री खेमसिंह जोधा,
ग्राम/ पोस्ट शिकारपुरा, तहसील लुणी,
जोधपुर 342802

बनाम

अप्रार्थी /रेस्पोण्डेट्सः–

अति. जिला कलक्टर (लोक सूचना अधिकारी) बांसवाडा

निर्णय

अपील अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

दिनांक :– 03–08–2023

प्रस्तुत मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा अति. जिला कलक्टर (लोक सूचना अधिकारी) बांसवाडा से सूचना चाहने हेतु धारा 6(1) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदन दिनांक 05.06.2023 (ई–चालान जीआरएन 0075386283) को प्रस्तुत किया। अपीलार्थी अनुसार प्रस्तुत आवेदन पर अति. जिला कलक्टर (लोक सूचना अधिकारी) बांसवाडा द्वारा निर्धारित अवधि में भी सूचना उपलब्ध नही कराने पर यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय से नोटिस दिनांक 17.07.2023 को जारी किया गया एवं अपीलार्थी एवं प्रत्यर्थी को भी नियत तिथी को अपना पक्ष रखने उपस्थित होने सूचित किया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Prakash Chandra Sharma
Date: 2023.08.07 12:53:48 IST
Reason: SelfAttested

दिनांक 03.08.2023 को अपीलार्थी अ[illegible] 10(1) आरटीआई/ 2023/ 235 दिनांक 20.07.2023 से जवाब प्रस्तुत किया [illegible] प्रेषित की गई सूच[illegible]कर अवगत कराया कि प्रार्थना पत्र में बिन्दु सं. 1 की सूचना सयुक्त शासन सचिव, राजस्व (ग्रुप–1) विभाग जयपुर से

जिला कलक्टर
बांसवाड़ा (राज.)

सम्बन्धित होने से भू अभिलेख अनुभाग कार्यालय हाजा के पत्रांक 3206–08 दिनांक 23.06.2023 से सूचना क अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के तहत प्रार्थना पत्र स्थानान्तरित किया गया है। बिन्दु सं. 2 से वांछित सूचना अपीलार्थी को रजिस्टर्ड डाक द्वारा पत्रांक 233 दिनांक 12.07.2023 से प्रेषित की जा चुकी है जो कि प्रार्थी को दिनांक 18.07.2023 को प्राप्त हुई है। अपील अपीलांट निरस्त फरमावे।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया एवं अति. जिला कलक्टर (लोक सूचना अधिकारी) बांसवाडा की से प्रस्तुत जवाब एवं उसके संलग्न पत्रादि का अवलोकन किया। प्रार्थी द्वारा अति. जिला कलक्टर (लोक सूच अधिकारी) बांसवाडा से प्रार्थना पत्र दिनांक 05.06.2023 से दो बिन्दुओ पर सूचना चाही गई थी। बिन्दु सं. 1 सूचना सयुक्त शासन सचिव, राजस्व (ग्रुप–1) विभाग जयपुर से सम्बन्धित होने से भू अभिलेख अनुभाग कार्याल हाजा के पत्रांक 3206–08 दिनांक 23.06.2023 से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के तह प्रार्थना पत्र स्थानान्तरित किया गया है। बिन्दु सं. 2 से वांछित सूचना अपीलार्थी को रजिस्टर्ड डाक द्वारा पत्रांक 23 दिनांक 12.07.2023 से प्रेषित की जा चुकी है जो भारतीय डाक ट्रेक कन्साईन्मेंट रिर्पोट अनुसार प्रार्थी को दिनांव 18.07.2023 को प्राप्त हुई है। अब इस प्रकरण में कोई कार्यवाही शेष नही रहने से अपील अपीलार्थी खारिज क जाती है।

निर्णय आज दिनांक 03.08.2023 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Prakash Chandra Sharma
Date: 2023.08.07 12:53:48 IST
Reason: SelfAttested

(प्रकाश चन्द्र शर्मा) I.A.S.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी,
जिला कलक्टर, बाँसवाडा (राज.)